(a) whether there is any proposal under Government's consideration for compulsory sterilisation after second living child;

(b) if so, the details thereof; and

(c) if not, the reasons therefor ?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI B. SHANKARANAND) : (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

(c) The Family Welfare Programme in India is being promoted on a voluntary basis.

मेडीकल कालेज, इन्दौर के लिए कोबाल्ट मशीन की खरीद

1128. **श्री अजीत जोगी :**
श्री मूलचन्द मीणा :

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मेडिकल कालेज, इन्दौर (मध्य प्रदेश) के लिये कोबाल्ट मशीन खरीदने के लिए अनुदान के रूप में कितनी धनराशि मंजूर की गयी है; और

(ख) यदि उक्त धनराशि अभी तक मंजूर नहीं की गयी है तो उसके कब तक मंजूर किये जाने की संभावना है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) एम० जी० एम० मेडिकल कालेज, इंदौर से संबद्ध एस० जी० कैंसर अस्पताल में एक कोबाल्ट मशीन लगाने के लिए इस मंत्रालय द्वारा मध्य प्रदेश सरकार को 1992-93 के दौरान 50.00 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

अनाधिकृत आयुर्वेदिक/यूनानी चिकित्सक

1129. **श्री कैलाश नारायण सारंग** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आयुर्वेदिक/यूनानी चिकित्सा प्रणाली बोर्ड, दिल्ली प्रशासन ने अपने अब तक के कार्यकाल में कितने अवैध/अनाधिकृत चिकित्सकों के विरुद्ध कार्यवाही की है;

(ख) उनका अलग-अलग ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इन अवैध/अनधिकृत चिकित्सकों के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए दिल्ली प्रशासन द्वारा गठित दल में बोर्ड के प्रतिनिधि को शामिल किया गया है;

(घ) यदि हां, तो उस दल द्वारा की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है जिसमें इस प्रतिनिधि ने भाग लिया;

(ङ) क्या यह सच है कि उसने दल की किसी कार्यवाही में हिस्सा नहीं लिया; और

(च) यदि हां, तो क्या दिल्ली प्रशासन द्वारा उसके विरुद्ध कोई कार्यवाही की गई है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) से (च) सूचना एकत्र की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जाएगी ।

देश में स्वास्थ्य दशाओं के बारे में रिपोर्ट

1130. **डा० जितेन्द्र कुमार जैन :**
श्रीमती सुषमा स्वराज :

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को भारतीय स्वैच्छिक स्वास्थ्य संघ द्वारा देश की स्वास्थ्य संबंधी दशाओं पर प्रकाशित रिपोर्ट की जानकारी है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि इस रिपोर्ट पर संघ के प्रतिनिधियों और सरकार के प्रतिनिधियों के बीच चर्चा भी हुई थी;

(ग) यदि हां, तो इस चर्चा की प्रमुख बातें क्या हैं;

(घ) क्या सरकार ने इस रिपोर्ट पर विस्तृत चर्चा के उपरान्त इसे लागू करने का निर्णय लिया है;